Journal of Research and Development
Peer Reviewed International, Open Access Journal.
ISSN : 2230-9578 | Website: https://jrdrvb.org Volume-17, Issue-1 | January - 2025

Original Article

विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका

डॉ. रीना मेश्राम
विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव,
जिला छिंदवाड़ा

Manuscript ID:
JRD -2025-170146
ISSN: 2230-9578
Volume 17
Issue 1|
Pp. 260-263
January 2025
Submitted: 08 Dec. 2024
Revised: 20 Dec. 2024
Accepted: 25 Jan. 2025
Published: 31 Jan. 2025

सार –

प्रस्तुत शोध अध्ययन में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास में भूमिका का अध्ययन किया गया है अध्ययन का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभाव नियमित उपयोग करने वाले विद्यार्थियों पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभाव एवं कम उपयोग करने वाले विद्यार्थियों पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभाव का अध्ययन है। न्यादर्श में 60 छात्राओं का चयन कर स्वयं शोधकर्ता द्वारा निर्मित कंप्यूटर नॉलेज प्रपत्र के प्रशासन द्वारा निष्कर्ष प्राप्त किये। परिणामो द्वारा ज्ञात हुआ है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा विद्यार्थियों की शिक्षा उपलब्धि के विकास में सहायता प्राप्त हुई है एक तथ्य यह भी स्पष्ट होता है कि इंटरनेट के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में बहिर्मुखी क्षेत्र में सहायता प्राप्त हुई है।

प्रस्थावना:

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में रहकर ही वह अपने व्यक्तित्व का विकास कर पाता है। व्यक्तित्व विकास के साथ–साथ उसे कई तरह की उपलब्धियाँ प्राप्त है प्राचीन समय से ही व्यक्ति समाज पर निर्भर रहा है। समाज व्यक्ति को सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक सभी आधार पर कठोर एवं गतिशील बनता है। समाज मानवीय जिज्ञासा के पूर्ति करता है मनुष्य संवाद के द्वारा एक दूसरे के आचरण से प्रभावित होता है। मीडिया के विकास के पीछे भी मनुष्य की यही इच्छा रही है। आज का वातावरण एवं जीने के तौर–तरीके सब कुछ मीडिया से प्रभावित है। प्राचीन समय से लेकर वर्तमान तक मीडिया किसी न किसी रूप में विद्यमान है। वैज्ञानिक युग में मानव ने कई क्षेत्रों में उपलब्धियाँ प्राप्त की है उदाहरण – इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आए हुए नए–नए साधनों से है। वर्तमान में हर व्यक्ति चाहे वह विज्ञान क्षेत्र में हो या शिक्षा का क्षेत्र व्यवसाय जगत या नौकरी का क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साधन का ही सहयोग रहा है। (इंटरनेट एवं मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2022 में जहां 65 मिलियन लाख इंटरनेट उपभोक्ता थे 2023 में बढ़कर 128 मिलियन लोग एवं 2024 में यह 5.35 बिलियन तक पहुंच चुकी है।) हाफमेन, कॉल्सबैक एवं नोवाक 1996 के अनुसार 16 से 24 वर्ष आयु के विद्यार्थी एवं वृद्ध व्यक्तियों के बीच सर्वे द्वारा ज्ञात हुआ कि वे 16 से 24 वर्ष के विद्यार्थी जो इंटरनेट का उपयोग करते हैं वे वर्ल्ड वईड वेब से जुड़े रहने के कारण उनके रिश्तों में मजबूती देखी गई, अपेक्षाकृत वृद्ध व्यक्तियों के जो इंटरनेट का उपयोग कम करते है। डारक 2000 ने इंटरनेट की शिक्षा में भूमिका के संबंध में बताया कि इंटरनेट सभी विषय में आगे बढ़ने में प्रोत्साहन प्रदान करता है। इंटरनेट प्राइमरी कक्षा से उच्च स्तर की कक्षाओं की आवश्यकताओं को पूर्ण करता है। इंटरनेट की किशोरों के व्यवहार एवं सीखने में प्रोत्साहन प्रदान करता है। सोहेन किम 2001 ने इंटरनेट किशोरों के उपलब्धि पर इंटरनेट के प्रभाव का अध्ययन 609 किशोर पर जो 10वीं एवं 11वीं कक्षा से इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उन्हें शिक्षा समाज एवं स्वयं को आंकने में सहायता प्राप्त है। उपरोक्त पूर्व अनुसंधानों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इंटरनेट का मासिक उपयोग एवं कम उपयोग करने वाले किशोर की उपलब्धि में अंतर हो सकता है।

This is an open access journal, and articles are distributed under the terms of the Creative Commons Attribution 4.0 International, The Creative Commons Attribution license allows re-distribution and re-use of a licensed work on the condition that the creator is appropriately credited

Address for correspondence:
डॉ. रीना मेश्राम, विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव , जिला छिंदवाडा

How to cite this article:
मेश्राम, . रीना . (2025). विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका. Journal of Research & Development, 17(1), 260–263. https://doi.org/10.5281/zenodo.14965182

Quick Response Code:
Website: https://jrdrvb.org/
DOI:10.5281/zenodo.14965182
Access this article online

Journal of Research and Development
Peer Reviewed International, Open Access Journal.
ISSN : 2230-9578 | Website: https://jrdrvb.org Volume-17, Issue-1 | January - 2025

इन बातों को ध्यान में रखते हुए यह देखने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास में सहायक है साथ ही अध्ययन के परिणाम के आधार पर न केवल विद्यार्थियों वरन् अन्य व्यक्तियों को परामर्श दिया जा सकेगा।

उद्देश्य

1 विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभाव का अध्ययन।
2 नियमित/कम उपयोग करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभाव का अध्ययन।

परिकल्पना

1 विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
2 नियमित/कम उपयोग करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

न्यादर्श

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग	**संख्या**
नियमित	30
कम	30
योग	**60**

उपकरण
शोधकर्ता द्वारा स्व निर्मित प्रश्नावली।

विधि
स्नातक व स्नातकोत्तर की 60 छात्राओं पर शोधकर्ता द्वारा स्व निर्मित प्रश्नावली का प्रशासन कर परिणाम प्राप्त किए गए।

परिणामों का विश्लेषण

तालिका क्रमांक 01

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के नियमित एवं कम उपयोग करने वाले विद्यार्थियों के तुलनात्मक परिणाम

क्र	प्रश्न	विकल्प		नियमित उपयोग		कम उपयोग	
				f	%	f	%
1	आप इन्टरनेट का प्रयोग किस क्षेत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए करती है?	(i)	खाली समय व्यतीत करने में	0	0	0	0
		(ii)	विषय से संबंधित जानकारी में	10	25.64	0	0
		(iii)	मनोरंजन के लिए	0	0	0	0
		(iv)	रूचिगत विषय की जानकारी में	8	20.21	0	0
		(v)	उपरोक्त में से सभी	39	100	0	0
		(vi)	उपरोक्त में से कोई नहीं	0	0	0	0
2	क्या आप इन्टरनेट का प्रयोग हमेशा विषय संबंधित नवीन अनुसंधान की जानकारी प्राप्त करने में करती है?	(i)	कभी–कभी	0	0	0	0
		(ii)	हमेशा	10	25.64	0	0
		(iii)	कभी नहीं	0	0	0	0
		(iv)	अनिश्चित	18	46.15	0	0
		(v)	साधारण रूप में	11	28.20	0	0
		(vi)	उपरोक्त में से कोई नहीं	0	0	0	0
3	इन्टरनेट के द्वारा विषय से संबंधित जो जानकारी आप एकत्रित करती है वह आपकी उपलब्धि में कितनी सहायक है।	(i)	कम	0	0	0	0
		(ii)	अधिक	28	71.79	0	0
		(iii)	अत्यधिक	11	28.20	0	0
		(iv)	कभी–कभी	0	0	9	42.85
		(v)	अनिश्चित	0	0	3	14.20
		(vi)	बिल्कुल नहीं	0	0	0	0
4	इन्टरनेट के द्वारा पाठ्यक्रम से संबंधित किस क्षेत्र में सहायता प्राप्त हुई है।	(i)	प्रोजेक्ट कार्य में	5	क्मब.82	0	0
		(ii)	कक्षा कार्य में	5	क्मब.82	0	0
		(iii)	कक्षा प्रस्तुतीकरण	2	51.28	0	0
		(iv)	उपरोक्त में से सभी	39	100	0	0

Journal of Research and Development
Peer Reviewed International, Open Access Journal.
ISSN : 2230-9578 | Website: https://jrdrvb.org Volume-17, Issue-1 | January - 2025

		(v)	अनिश्चित	0	0	0	0
		(vi)	उपरोक्त में से कोई नहीं	0	0	0	0
5	क्या आप इन्टरनेट के माध्यम से अपने विषय से संबंधित नवीनतम् जानकारियों को कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने में अधिक रूचि रखते है?	(i)	कभी–कभी	0	0	0	0
		(ii)	कभी नहीं	0	0	0	0
		(iii)	अत्यधिक	5	क्мब.82	0	0
		(iv)	हमेशा	20	51.28	0	0
		(v)	अनिश्चित	0	0	0	0
		(vi)	औसत से कम	0	0	0	0
6	क्या इन्टरनेट की सहायता से बनाए प्रोजेक्ट कार्यो में आपकों सफलता प्राप्त हुई है?	(i)	कभी–कभी	0	0	0	0
		(ii)	अधिक	34	87.17	0	0
		(iii)	निम्न	0	0	0	0
		(iv)	कभी नहीं	0	0	0	0
		(v)	अनिश्चित	0	0	0	0
		(vi)	साधारण	2	51.28	0	0
7	क्या आप इन्टरनेट के माध्यम से अध्ययन विषय से संबंधित जानकारी एकत्रित करती है?	(i)	कभी–कभी	0	0	0	0
		(ii)	अधिकांश समय	16	41.62	3	14.18
		(iii)	कम समय के लिए	0	0	0	0
		(iv)	कभी नहीं	0	0	0	0
		(v)	अनिश्चित	0	0	0	0
		(vi)	साधारण	4	29.ब्जज	0	0
8	इन्टरनेट के माध्यम से जीवन में आप किस तरह के लाभ का उपयोग करना पसंद करेगी?	(i)	नौकरी के संबंध में	10	25.64	0	0
		(ii)	यात्रा टिकिट खरीदने	0	0	0	0
		(iii)	अपने मित्रों को संदेश भेजने में	0	0	0	0
		(iv)	बिलों का भुगतान करने में	0	0	0	0
		(v)	उपरोक्त में से सभी	39	100	0	0
		(vi)	उपरोक्त में से कोई नहीं	0	0	0	0

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट होता है कि इंटरनेट का नियमित उपयोग करने वाली छात्राएँ इसका उपयोग विभिन्न व्यापक जानकारी प्राप्त करने के लिए करती हैं 25.64 प्रतिशत छात्राएँ विषय संबंधित जानकारी एवं 20.51 प्रतिशत छात्राएँ रूचिगत विषयों की जानकारी के लिए करती हैं।

इंटरनेट का प्रयोग हमेशा विषय संबंधित जानकारी प्राप्त करने संबंधित परिणाम से स्पष्ट होता है की सबसे अधिक प्रतिक्रियाएं 46.15ः अनिश्चित विकल्प के लिए है जबकि साधारण रूप से एवं हमेशा के लिए ये क्रमशः 28.20 प्रतिशत एवं 25.64 प्रतिशत कम उपयोग करने वालों में कमी प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाली 42.85 प्रतिशत है जबकि अनिश्चित की संख्या 14.28 प्रतिशत इस प्रकार स्पष्ट होता है कि छात्राएँ विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त कर रही हैं, वह उनकी उपलब्धि में सहायक है।

पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में सहायता संबंधी परिणाम से स्पष्ट होता है कि नियमित उपयोग करने वाली सभी छात्राएँ प्रोजेक्ट, कक्षा कार्य एवं प्रस्तुतीकरण में इंटरनेट की सहायता मिलती है

इंटरनेट के माध्यम से अपने विषय में गहन अध्ययन करने संबंधी परिणामों से स्पष्ट होता है की सबसे अधिक प्रतिक्रियाएं 95.23 प्रतिशत कभी–कभी विकल्प के लिए जबकि अधिक एवं अत्यधिक उपयोग के लिए क्रमशः 61.53 प्रतिशत एवं 33.33 प्रतिशत है। विषय से संबंधित नवीनतम जानकारियो को इंटरनेट की सहायता से कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने में अधिक प्रतिक्रियाएं 51.28 प्रतिशत है जबकि अत्यधिक में 12.82 प्रतिशत छात्राएँ विषय से संबंधित ''नवीन अनुसंधान'' की जानकारी इंटरनेट की सहायता से एकत्रित करने में स्पष्ट होता है, की सबसे अधिक प्रतिक्रिया 41.02 प्रतिशत अधिकांश समय विकल्प के लिए जबकि कम समय के लिए एवं साधारण के लिए क्रमशः 14.28 प्रतिशत एवं 10.25 प्रतिशत छात्राएँ नवीन अनुसंधान की जानकारी एकत्रित करती हैं। इंटरनेट के माध्यम से जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में लाभ प्राप्त करने संबंधी परिणामों से स्पष्ट होता है कि नियमित उपयोग करने वाली छात्राएँ नौकरी, यात्रा ,मित्रों, को संदेश पहुंचाने एवं बिलों का भुगतान में इंटरनेट की सहायता प्राप्त है।

इस प्रकार उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि इंटरनेट छात्राओं की उपलब्धि के विकास में सार्थक भूमिका का निर्वाह कर रहा है जो छात्राएँ इसका नियमित रूप से उपयोग कर रही हैं। व अपने अध्ययन की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ–साथ भविष्य की तैयारी हेतु भी सजग है। कहा जा सकता है कि छात्राओं की उपलब्धि के विकास में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एक सार्थक भूमिका का निर्वाह कर रहा है।

निष्कर्ष

1. विद्यार्थियों की उपलब्धि के विकास पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सकारात्मक रूप से सहायक है।

Journal of Research and Development
Peer Reviewed International, Open Access Journal.
ISSN : 2230-9578 | Website: https://jrdrvb.org Volume-17, Issue-1 | January - 2025

2. नियमित उपयोग करने वाली छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ है, जो उनकी उपलब्धि में सहायक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1 शर्मा डॉ रामनाथ (1960)''शिक्षा मनोविज्ञान'' प्रकाशक रस्तोगी एंड कंपनी मेरठ तृतीय संस्करण ।
2 पांडेय डॉ आर पी (2001) ''शैक्षिक मनोविज्ञान'' राधा प्रकाशन मंदिर आगरा नवीनतम संस्करण।
3. खंडेकर, वनीता कोहली (2013) इंडियन मीडिया बिजनेस (चौथा संस्करण), संज पब्लिकेशन इंडिया प्रा. लिमिटेड।
4. पाठक, राममोहन (1998) इलेक्ट्ररलिक माध्यम रेडियों एवं दूरदर्शन, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन नई दिल्ली।
5. नटराजन, जे (2020), भारतीय पत्रकारिता का इतिहास, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसरण मंत्रालय, नई दिल्ली।